**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने नए मतदाताओं के नामांकन की अद्यतन प्रक्रिया में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस व भाजपा ने किए अपनी–अपनी जीत के दावे–आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- समग्र शिक्षा अभियान के कार्यान्वयन में प्रदेश ने हासिल की उपलब्धि– पिछले वर्ष मिली शत–प्रतिशत राशि की गई खर्च।

**और**

- पुलिस विभाग के प्रयासों से राज्य में सड़क दुर्घटनाओं व इससे होने वाली मृत्यु दर में आई उल्लेखनीय कमी।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**निर्वाचन अधिकारी**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने ज़िला निर्वाचन अधिकारियों को नए मतदाताओं के नामांकन की अद्यतन प्रक्रिया में तेज़ी लाने और इस कार्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज ज़िला निर्वाचन अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान मतदाता पहचान पत्रों का समयबद्ध वितरण करने पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि 10 मई 2023 के बाद अब तक कुल एक लाख 81 हज़ार 5 सौ 9 मतदाता पंजीकृत हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ज़िला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार वैब कास्टिंग के लिए मतदान केन्द्रों को चिन्हित करने को भी कहा है। मनीष गर्ग ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में करीब 4 आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे।

**राजीव बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य में पिछले कुछ वर्षों में हुए विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की देन बताया है। शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से अटल टनल रोहतांग का निर्माण पूरा हुआ है और इसके

अलावा करीब 42 हज़ार करोड़ रूपए की अन्य सड़क परियोजनाओं का कार्य जारी है। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम रही है और कांग्रेस ने प्रदेश की आम जनता को ठगा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आपदा के दौरान भी नाकाम रही और कांग्रेस ने केवल भाजपा को कोसने का ही काम किया है।

**जयराम ठाकुर**

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि यदि लोकसभा चुनाव के साथ 9 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होते हैं तो निश्चित तौर पर केन्द्र के साथ–साथ प्रदेश में भी भाजपा सरकार बनेगी। धर्मशाला के नरवाणा में आज परिचय बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर धर्मशाला से पार्टी प्रत्याशी सुधीर शर्मा को पूरा मान–सम्मान दिया जाएगा।

**कांग्रेस बैठक**

शिमला संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस चुनाव प्रभारी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि पार्टी प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। शिमला में आज विधायकों व पूर्व विधायकों के साथ एक बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के 15 महीनों के विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाएगी। रोहत ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

वहीं दूसरी ओर, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रभारी व कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि आने वाले चुनावों में कांग्रेस के बागी नेताओं को उनका असली चेहरा दिखाया जाएगा। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सुधीर शर्मा को लीडर बनाया जबकि आज वे भाजपा में सेवा और नौकरी कर रहे हैं।

**कार्यकारी अध्यक्ष**

कांग्रेस नेता व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आज शिमला में पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनावों में पार्टी की जीत के लिए कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का कार्यकाल काफी उतार चढ़ाव वाला रहा है और आने वाले समय में भी सरकार व संगठन के बीच तालमेल बनाने का प्रयास किया जाएगा।

**हर्षवर्धन**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनता से किए वायदों को पूरा करने की दिशा में काम कर रही है लेकिन भाजपा ने इसमें बाधा डालने का काम किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और सरकार

अपना कार्यकाल पूरा करेगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस सरकार की 15 महीने की उपलब्धियों के आधार पर लड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान लगभग 22 हज़ार पद स्वीकृत किए गए हैं।

**हाईकोर्ट**

प्रदेश उच्च न्यायालय में मुख्य संसदीय सचिव मामले पर आज सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को रखी गई है। न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति बी.सी. नेगी की खंडपीठ में अब इस मामले को लेकर 22 से 24 अप्रैल तक लगातार सुनवाई होगी। मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को लेकर कल्पना देवी ने याचिका दायर की है। इसके अलावा भाजपा के 12 विधायकों ने भी इन नियुक्तियों को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

**शिक्षा अभियान**

प्रदेश ने पिछले वित्तीय वर्ष में समग्र शिक्षा अभियान के तहत केन्द्र से मिले बजट की शत–प्रतिशत राशि खर्च करने में सफलता हासिल की है। इस अभियान के तहत पिछले वर्ष 8 सौ 17 करोड़ 61 लाख रूपए खर्च हुए हैं। समग्र शिक्षा के परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में बताया कि प्रदेश ने समग्र शिक्षा का बेहतर क्रियान्वयन किया है और केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी इसके लिए हिमाचल प्रदेश की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसी उपलब्धि के बाद केन्द्र सरकार ने इस वर्ष प्रदेश को समग्र शिक्षा के लिए 9 सौ 66 करोड़ रूपए का फंड जारी किया है। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा ने प्रारंभिक और उच्च शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर काम किया है और आई.सी.टी., स्मार्ट क्लास रूम और अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती गई है।

**रविदास जयंती**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और समाज कल्याण ही केन्द्र सरकार का लक्ष्य है। वे आज हमीरपुर ज़िले की ग्राम पंचायत जंगल रोपा के हार गांव में गुरू रविदास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर भाजपा नेता व पूर्व मंत्री वीरेन्द्र कंवर और प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष नवीन शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री वीरेन्द्र कंवर ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को भारी बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया।

**प्रदेश पुलिस**

प्रदेश में पुलिस विभाग के प्रयासों से सड़क दुर्घटनाओं और इससे होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के यातायात, पर्यटक और रेलवे विंग के प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक जनवरी से 31 मार्च की अवधि के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले दुर्घटनाओं में 14 प्रतिशत, मृत्यु दर में

27 प्रतिशत और दुर्घटनाओं में चोटिल होने के मामलों में 18 प्रतिशत की कमी आई है। संजय कुंडू के अनुसार प्रदेश पुलिस सड़क सुरक्षा सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभाग के प्रयास जारी रहेंगे।

**अभियान**

कांगड़ा ज़िले में पिछले लोकसभा चुनावों में 60 प्रतिशत से कम मतदान वाले केन्द्रों के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि इस उद्देश्य से सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों को संबंधित मतदान केन्द्रों का दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन केन्द्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए उपयुक्त कदम उठाने को कहा गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार कांगड़ा ज़िले में स्वीप कार्यक्रम के तहत नई व पारंपरिक गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**जागरूकता**

प्रदेशभर में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए निर्वाचन विभाग के प्रयास लगातार जारी हैं। सोलन ज़िले में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि ज़िले में सौ वर्ष की आयु पार कर चुके 20 मतदाता भी लोकतंत्र की मज़बूती के लिए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने को तैयार हैं।

**भूस्खलन**

मौसम अनुकूल होते ही लाहौल–स्पीति ज़िले में बर्फ पिघलने की रफ्तार तेज़ हो गई है। बर्फ पिघलने के कारण ज़िले में संपर्क सड़कों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। केलंग से हमारे ज़िला संवाददाता कुंदन लाल के अनुसार मनाली–लेह मार्ग पर सिस्सू के समीप करीब 10 मीटर के हिस्से में सड़क धंस गई है। हालांकि सीमा सड़क संगठन द्वारा इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल रखी गई है और सड़क के दोनों ओर मशीनरी तैनात की गई है।

**शिमला चुनाव**

शिमला ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने कार्य संबंधी अंतिम कार्य योजना 5 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वे शिमला में सभी नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बताया कि चुनाव की घोषणा से लेकर अब तक आदर्श आचार संहिता से जुड़ी 14 शिकायतें मिली हैं जिनमें से 11 का निपटारा कर लिया गया है।

**ऊना चुनाव**

लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऊना ज़िले में 5 सौ 16 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इनमें से 25 मतदान केन्द्र महिला कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ज़िले में 4 लाख 28 हज़ार 5 सौ 89 मतदाता पंजीकृत हैं और फिलहाल 4 मई तक मतदाता पंजीकरण का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए सभी ज़रूरी सुविधाओं का प्रबंध किया गया है।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने नए मतदाताओं के नामांकन की अद्यतन प्रक्रिया में तेज़ी लाने के दिए निर्देश।
- लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस व भाजपा ने किए अपनी–अपनी जीत के दावे–आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।
- समग्र शिक्षा अभियान के कार्यान्वयन में प्रदेश ने हासिल की उपलब्धि– पिछले वर्ष मिली शत–प्रतिशत राशि की गई खर्च।

**और**

- पुलिस विभाग के प्रयासों से राज्य में सड़क दुर्घटनाओं व इससे होने वाली मृत्यु दर में आई उल्लेखनीय कमी।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ– नमस्कार।**